

## एक नजर में

### दस माह में ही सीसी रोड की उड़ने लगी धज्जियां



**खेड़ीसांवलीगढ़।** जिला मुख्यालय के समीप विकासखंड बैतूल जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत सराड़ में कनारा गांव का है। जहां रातामाटी मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत द्वारा 15 वित्त आयोग मनरेगा के तहत दस माह पूर्व दो लाख 75 हजार की राशि से 90 मीटर दूरी तक सीसी रोड बनाया गया, लेकिन महज दस माह में ही सड़क की धज्जियां उड़ने लगी हैं। सड़क से गिट्टियां उधड़ कर बिखर रही हैं, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सीसी रोड में नाली निर्माण भी नहीं किया गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच करने की मांग की है।

### कॉलेज में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता



**भैंसदेही।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वीर स्वतंत्रता सेनानी श्री गंजन सिंह कोरकू शासकीय कॉलेज भैंसदेही में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित निबंध स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान प्रतियोगिता से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल कोसे, द्वितीय स्थान रागिनी खंडाइत तथा तृतीय स्थान रविराज धुर्वे ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार दवंडे ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 23 नवंबर तक भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### एनएसएस वाटिका में चलाया स्वच्छता अभियान



**बैतूल।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेस जेएच कॉलेज बैतूल मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एनएसएम वाटिका में स्वयसेवको द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के संरक्षण मे एवं जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, डॉ.शीतल खरे की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन एवं कार्यक्रम व अधिकारी द्वारा पौधारोपण किया। इस मौके पर जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा की अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना चाहिए और सभी स्वयंसेवक जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने कहा की सभी स्वयंसेवक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यह कार्यक्रम का आयुष घिडोडे एवं अंजली नागोरे के नेतृत्व मे किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित दलनायक, उप दलनायक आदि का सहयोग रहा।

# खाद की कालाबाजारी को पूरी सख्ती से रोकें : प्रभारी मंत्री

## जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को परस्पर समन्वय से जनहित में बेहतर कार्य करने के निर्देश, कहा-मंडियों में खरीदी व्यवस्थाएं ठीक की जाएं

**नवभारत न्यूज, बैतूल**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री एवं बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार जनहित में उत्तम तरीके से निरंतर कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव की मंशानुरूप बैतूल जिले के सभी जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी परस्पर समन्वय से जनहित में अच्छा कार्य करें। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए जाने वाले सुझावों पर प्रभावी ढंग से अमल किया जाएं।

**धांधली करने वाले व्यापारियों का लाइसेंस निरस्त करें**

**जिले के 554 ग्रामों को आदर्श बनाया जाएगा**

प्रभारी मंत्री श्री पटेल बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर




रहें थे। बैठक में विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक भेंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजा पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कृषि विभाग अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को निजी और शासकीय उर्वरक विक्रय केंद्रों से सुगमतापूर्वक उर्वरकों की आपूर्ति की जाए। विक्रय केंद्रों पर खाद के निर्धारित रेट डिसप्ले कराएं। डीएपी के स्थान पर स्वदेशी उर्वरक एनपीके के उपयोग के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि खाद की कालाबाजारी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने मंडियों में भी खरीदी की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में मंडी की व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें। किसानों को समय पर भुगतान हो यह सुनिश्चित किया जाए। अनियमितता करने वाले व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाए।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने राजस्व विभाग अंतर्गत राजस्व महाअभियान 3.0 की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान में नामांतरण, बटवारा, सीमांकन , नक्शा तरमीम, अभिलेख दुरुस्ती, पीएम किसान ईकेवाईसी,आधार सीडिंग आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में बैतूल जिला अग्रणी जिलों में शामिल हैं। जोकि प्रशंसनीय हैं। अभियान के तहत परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन में भी राजस्व अधिकारी गति लाएं।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना की भी समीक्षा कर जिले में योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया की योजना के तहत जिले के सभी 554 जनजाति ग्रामों में 17 विभागों की 25 योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाए। विशेष कार्य योजना बनाकर योजना में निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण कराएं। होम स्टे, पीएम आवास, विद्युतीकरण, सोलर पैनल, 5 जी नेटवर्किंग, अधोसंरचना विकास, हर घर नल से जल में ,पोर्टेबल टेली मेडिसिन में सेचुरेशन लाए। सभी 554 ग्रामों को आदर्श बनाएं। उन्होंने खनिज विभाग की समीक्षा कर अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, इत्यादि विभागों की सड़कों पर निर्धारित क्षमता से अधिक भार के वाहनों का परिवहन ना हो। क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की संबंधित विभाग यथाशीघ्र मरम्मत कराएं।

# अचानक पहुंचे जिला अस्पताल



बैतूल। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल में विभिन्न चिकित्सा वार्डो का का भ्रमण कर मरीजों और उनके परिजनों से संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पीआईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध स्वास्थ्य लाभ का अवलोकन किया।

उन्होंने सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया कि अस्पताल आने वाले मरीजों को पूरी संवेदनशीलता से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। पीआईसीयू सहित अन्य वार्डों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहे। फायर सेफ्टी ऑडिट समय-समय पर कराएं।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता, पेयजल, भोजन आदि व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें।

# गिरफ्तारी के लिए कुनबी समाज ने सौंपा ज्ञापन

## स्व . रविन्द्र देशमुख आत्महत्या कांड में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

**भैंसदेही।** भैंसदेही स्व. रविन्द्र देशमुख आत्महत्या कांड के मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज संगठन भैंसदेही ने पुलिस महानिरीक्षक के नाम भैसदेही थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि सारणी के भाजपा नेता स्व. रविन्द्र देशमुख आत्महत्या कांड के सुसाइड नोट में उल्लेखित 10 आरोपियों में से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन मुख्य आरोपी रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे सहित 2 अन्य पिछले 40 दिनों से पुलिस प्रशासन की आँख में धूल झोंक रहे है। सुसाइड नोट में साफ तौर पर लिखा गया था कि किस तरह से आरोपियों के द्वारा लगातार परेशान करते हुए राशियो की डिमांड की जाती रही। रविंद्र देशमुख के खिलाफ साजिश रचकर रुपये मांगे गए। आरोपियों



ने स्व. रविंद्र देशमुख को कितना प्रताड़ित कर दिया कि उन्होंने अपने आप को गोली मारकर अपने जीवन लीला समाप्त कर दी। पीड़ित परिवार, कुंबी समाज और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा कई बार पुलिस प्रशासन को ज्ञापन दिये गए लेकिन मामले में संलिप्त आरोपियों को पकड़ पाने में असमर्थ नजर आ रहा है। इस घटना क्रम के बाद पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से कुछ नकाबपोशों के द्वारा उनके निज निवास पर कई बार रात्रि में रेकी करते नजर आये। जिसकी सूचना स्थानीय चौकी थानो में दी गयी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कमजोर नजर आई। पुलिस द्वारा खानापूर्ति करते हुए कुछ आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया गया एवं मुख्य आरोपी रंजीत सिंह, प्रकाश सहित 2 अन्य आरोपी को गिरफ्तार नही होने से बैतूल जिले के बाहुल्य कुंबी समाज में रोष व्याप्त हो रहा है। कुंबी समाज ने उक्त घटना के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तार किये जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में समाज संगठन के ब्लाक अध्यक्ष मनीष नावंगे, गुलाबराव सेलकरी, कमलेश कावड़कर, गंगाधर धाडसे, राजु देशमुख, राजेश राने, शुभम धाड़से, अंकुश सराटकर,अप्पु महाले, सत्यदेवी लोखंडे, माधवी देशमुख, प्रमिला धाड़से, कुसूम झरबड़े, पावस महाले, अनिता बारस्कर, अरुणा राने, नमिता धाड़से, मीना धोटे, प्रीति महाले, भावना कारे, सरिता गीद, यशोदा वंजारे, मीना सालोडे, सहित अन्य सामाजिक बंधु मौजूद रहे।


# ब्राउन शुगर, अवैध गांजा रखने वाले दो गिरफ्तार

**बैतूल।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया के निर्देशन और अति. पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी बैतूल सुश्री शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में दो अलग-अलग मामलों में ब्राउन शुगर के और अवैध गांजा रखने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने की कार्रवाई**

**तितली चौराहा और सोनाघाटी क्षेत्र की घटना**

बैतूल एसपी निश्चल एन झारिया ने पत्रकारवार्ता में बताया कि कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि तितली चौराहा फोरलेन के पास एक व्यक्ति ब्राउन शुगर का



नशा कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मयंक बघेल, निवासी चंद्रशेखर वार्ड, बैतूल बताया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक पुड़िया में ब्राउन शुगर, अधजली सिल्वर पेपर फाइल, माचिस की डिब्बी और जली हुई तीलियां बरामद की गईं। इन वस्तुओं को मौके पर गवाहों के समक्ष जब्त किया गया और आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 1168/2024, धारा 8/27 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। श्री झारिया ने बताया कि इसी दिन, पुलिस को सूचना मिली कि फोरलेन कटी पहाड़ी सोनाघाटी के पास एक युवक काले कपड़ों में कागज के बैग में गांजा लेकर सप्लाई के इरादे से खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। आरोपी ने अपना नाम आयुष छारले, निवासी लिंक रोड, सदर बैतूल बताया।

तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से 2.010 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत लगभग 20,000 रुपये आंकी गई। गौरतलब है कि इसके पहले भी जिले में गांजा पकड़ाने के मामले सामने आए थे। बड़ी मात्रा में ओवरब्रिज के नीचे भी बड़ी मात्रा में कच्ची शराब जब्त की गई थी।

# 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू

## शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा के कौशल से सशक्त बनाना उद्देश्य

**शाहपुर।** शासकीय कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थियों को आत्मरक्षा की कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है ,यह कार्यक्रम से 30 नवंबर 2024 तक कॉलेज परिसर में होगा।

इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों के व्यावहारिक रूप से आत्मरक्षा संबंधित तकनीक जैसे कराटे कुंफू एवं मार्शल आर्ट इत्यादि के प्रति उनकी जागरूकता बढ़ाना एवं आत्मनिर्भरता का भाव विकसित करना है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष नितिन महतो ने कहा कि यह शिविर छात्राओं की आत्मरक्षा के कौशल से सशक्त बनाना तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं




आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे सार्थक कार्यक्रम की मेजबानी पर गर्व है , इस अवसर पर प्राचार्य श्री एम.डी. वाघमारे ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण का ही युग है, सभी छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर अपने आप को सशक्त बनाना होगा एवं समाज में अन्य छात्राओं को भी इससे जोड़ना होगा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पवन सिजोरिया ने विस्तार पूर्वक इन 10 दिनों में अलग-अलग प्रशिक्षण संबंधी विधाए की जानकारी दी तथा बताया कि शिविर में 113 छात्राओं ने अपना पंजीयन करवाया है।

# कोर्ट की शरण में जाने को मजबूर दैवेभो कर्मचारी

## नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, न्याय की उम्मीद में खटखटाएंगे कोर्ट का दरवाजा

**बैतूल।** दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर अब उच्च न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

**पीआईसी की बैठक में पास हुआ था प्रस्ताव**

**शासन से दिशा-निर्देश का इंतजार कर रहे कर्मचारी**

वर्षों से स्थायी नौकरी की आस में काम कर रहे इन कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। नियमितीकरण के लिए आवाज उठाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। न्याय



और अधिकारों की लड़ाई में कर्मचारियों ने अब कानूनी मार्ग अपनाने का फैसला किया है। जल्द ही सभी कर्मचारी एकजुट होकर याचिका दायर करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें अब तक नियमित नहीं किया गया है। दिनांक 27 फरवरी 2024 को पीआईसी की बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ज्ञापन में बताया गया कि 27 फरवरी 2024 को हुई पीआईसी बैठक में विषय क्रमांक 27 और संकल्प क्रमांक 532 के तहत दैनिक वेतन भोगियों के विनियमितीकरण और नियमितीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके तहत 16 मई 2007 से 1 सितंबर 2016 तक कार्यरत 219 कर्मचारियों का विवरण तैयार कर शासन को भेजा गया था। लेकिन अब तक शासन से इस पर कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। निकाय ने अक्टूबर 2023 में शासन के निर्देशानुसार गूगल शीट के माध्यम से जानकारी भेजी थी। लेकिन दिशा-निर्देश न मिलने से कर्मचारियों का भविष्य अंधकार बना हुआ है।

**आयोजन** पुलिस कंट्रोल रूम की कार्यशाला में मुख्य रूप से विधिक सेवा सचिव मेजहबीन खान मौजूद रहे

# बाल श्रम की रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन

**बैतूल।** प्रदीपन संस्था द्वारा बाल श्रम, बाल दुर्व्यापार, रोकथाम के लिए बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**संस्थाओं में आपसी समन्वय होना आवश्यक**

**बाल श्रम, किशोर श्रम, रेस्क्यू एवं पुनर्वास पर दी जानकारी**

कार्यशाला में मुख्य रूप से विधिक सेवा सचिव मेजहबीन खान, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, एडिशनल एसपी कमला जोशी, जिला विधिक सलाहकार सोमनाथ राय, श्रम निरीक्षक दीपिका, आरपीएफ उप निरीक्षक सचिन सोनूले, वन स्टॉप परामर्शदाता शिखा भौरासे, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग, समाजसेवी मीरा एंथोनी, तूलिका पचोरी, जन साहस संगठन, साइबर सेल प्रभारी, सहित सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी, सरपंच एवं पेसा मोबिलाइज उपस्थित थे।

कार्यशाला में एसपी निश्चल झारिया ने कहा कि सभी विभाग एवं संस्थाएं अपने स्तर पर अपराधों की रोकथाम के लिए अच्छा कार्य कर रही हैं, लेकिन आपस में समन्वय में होना बहुत जरूरी है। सभी के सहयोग से ही अपराधों में कमी ला सकते है।एडिशनल एसपी कमला जोशी ने बताया कि दुर्व्यापार की



घटनाओं को रोकने के लिए हमें अपने स्तर पर पलायन करने जा रहे लोगों की जानकारी होना चाहिए और कोशिश करें कि उन्हें अपने क्षेत्र में ही काम मिल सके। बाल श्रम एवं बाल दुर्व्यापार पर रोकने के संबंध में विधिक सेवा सचिव मेहजबीन खान ने बताया कि बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 के तहत 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनी अपराध है। ऐसे बच्चों को हमें बाल श्रम से मुक्त कर उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनका भविष्य बन सके। विधिक सलाहकार सोमनाथ राय ने बताया कि मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़ित व्यक्ति के लिए सहायता राशि का प्रावधान है तथा विधिक सेवा के माध्यम से निशुल्क परामर्श एवं लोक अदालत जैसी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। श्रम निरीक्षक दीपिका द्वारा बाल श्रम एवं किशोर श्रम, रेस्क्यू एवं पुनर्वास पर जानकारी दी गई। वन स्टॉप परामर्शदाता शिखा भौरासे ने कहा कि पीड़ित महिला एवं बालिकाओं के लिये वन स्टाप सेन्टर में आश्रय के साथ कानूनी सहायता एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवा उपलब्ध कराता है। समाजसेवी मीरा एंथोनी कहा इस बात का ध्यान रखना है कि लोगों को अवेयर करें कि अपने बच्चों को किसी के साथ बाहर न भेजें।

# ओवरलोड डंपरों ने निकाला सड़कों का दम

## जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने प्रभारी मंत्री से की कार्रवाई की मांग

**घोड़ाडोंगरी।** बैतूल जिले में रेत से भरे ओवरलोड ट्रक और डंपर के कारण ग्रामीण क्षेत्र में बनी प्रधानमंत्री योजना की सड़कों की हालत खस्ता होते जा रही है। साथ ही दुर्घटनाएं भी प्रतिदिन हो रही।

इन बेलगाम ओवर लोड डंपरो और ट्रकों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर बैतूल आए जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से मुलाकात कर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक उइके ने उन्हें एक पत्र सौंपते हुए सख्त कार्यवाही की मांग की है साथ ही प्रधानमंत्री सड़कों पर ओवरलोड ट्रक और डंपरों पर पाबंदी लगाए जाने की मांग की है। प्रदेश मंत्री श्री उइके ने प्रभारी मंत्री श्री पटेल को बताया कि चोपना और बांसपुर से बड़ी



मात्रा में रेत निकाली जाती है और प्रतिदिन रात को महाराष्ट्र जा रहे ट्राले और डंफरो में मापक पैमाने से ज्यादा रेत भरकर अंधाधुंध रेत का परिवहन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अंचल में बनी रोड की हालत खराब होते जा रही है साथ ही गांव के अंदर दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

दीपक उइके ने मंत्री जी को बताया कि श्री खंडेलवाल के प्रयासों से चोपना रोड और बांसपुर रोड का निर्माण हुआ था और खनिज विभाग की लापरवाही के कारण रोड की हालत खराब हो गई हैं। प्रभारी मंत्री ने पूरे मामले को गंभीरता से लेकर जल्द ही सख्त कार्यवाही का आश्वास दिया।